Bareilly, Sunday,
12 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 1 MIDDLE

अनियमित दिनचर्या से परेशानी

पहली नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस का विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने किया इनॉग्रेशन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (11 March): रुहेलखंड रीजन की दो दिवसीय पहली नेफ्रोकान कांफ्रेंस एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को आरंभ हुई. पहले दिन एक दर्जन से ज्यादा गुर्दा रोग विशेषज्ञों ने इससे संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान दिए. कांफ्रेंस का उद्घाटन बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने किया.

होना पड़ेगा तैयार

मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए नेफ्रोकान 2023 में देवमूर्ति ने अनियमित दिनचर्या को गुर्दा रोगों के बढ़ने की बड़ी वजह बताया. उन्होंने कहा कि महामारी बनने को तैयार किडनी की बीमारियों के उपचार के लिए अभी से तैयारी करनी पड़ेगी और अभी से तैयार होना पड़ेगा. इसके उपचार के लिए अधिक से अधिक चिकित्सक भी तैयार करने पड़ेंगे और अत्याधुनिक विधियों को भी अपनाना पड़ेगा. एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज इन दोनों कामों कर रहा है. यहां किडनी की विभिन्न बीमारियों का इलाज करने के साथ ही गुर्दा प्रत्यारोपण भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है.